**सं. सीडीएन/80/2017-समन्वय**
**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक : 16 सितम्बर, 2021
17

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

**विषय : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संबंध में अगस्त, 2021 के महीने के लिए मासिक सारांश**

अधोहस्ताक्षरी को अगस्त, 2021 के महीने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से संबंधित मासिक सारांश के अवर्गीकृत अंश की प्रति हिन्दी में इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

रूपेश

(रूपेश कुमार सिन्हा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 011 -2338 0012

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में,

**मंत्री परिषद के सभी सदस्य**

संलग्नकों की प्रति निम्नलिखित को प्रेषित:

1. उपाध्यक्ष, नीति आयोग
2. भारत के राष्ट्रपति के सचिव
3. भारत के उप राष्ट्रपति के सचिव
4. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन (श्री भास्कर दास गुप्ता, निदेशक)
5. प्रधानमंत्री कार्यालय [सुश्री सुरभि जैन, निदेशक]
6. अध्यक्ष, केंद्रीय लोक सेवा आयोग
7. प्रधान महानिदेशक (एम एंड सी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
8. भारत सरकार के सभी सचिव
9. मंत्री, डब्ल्यूसीडी के निजी सचिव/राज्यमंत्री, डब्ल्यूसीडी के निजी सचिव
10. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एनआईसी, एमडब्ल्यूसीडी, मंत्रालय की वेबसाइट पर इसे अपलोड करने के अनुरोध के साथ

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संबंध में अगस्त, 2021 के महीने के लिए मासिक सारांश रिपोर्ट

अगस्त, 2021 में समाप्त माह के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

### 1. जी 20 के तहत महिलाओं के सशक्तीकरण पर मंत्रिस्तरीय कॉन्फ्रैंस

माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती ज़ूबिन इरानी ने सान्ता मार्घेराइट लिगुर, इटली में वर्तमान इटेलियन प्रेसिडेंसी द्वारा 26 अगस्त, 2021 को हायब्रिड प्रारुप में आयोजित पहली बार जी-20 के तहत महिला सशक्तीकरण पर मंत्रिस्तरीय कॉन्फ्रैंस का वर्चुअल मोड के माध्यम से प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया। सम्मेलन का आयोजन महिलाओं के कार्य की गुणवत्ता और जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने वाली नीतियों के कार्यान्वयन और उनके अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान के साथ लैंगिक-समानता से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए किया गया ताकि लिंग-आधारित हिंसा से भी निपटा जा सके।

### 2. पहला साल पूरा होने पर 14 अगस्त, 2021 को संवाद-निम्हांस का स्मरणोत्सव

माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने निम्हांस बाल मनोचिकित्सा केंद्र का भ्रमण किया और बाल सुरक्षा और बाल मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद के एक वर्ष पूरा होने को आधिकारिक रूप से मनाने के लिए 14.08.2021 को रखे गए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं।

### 3. 30-31 अगस्त, 2021 को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मंत्रियों और म.बा.वि. के सचिवों के साथ दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 30 अगस्त से 31 अगस्त, 2021 तक केवड़िया, गुजरात के महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा आयोजित किया गया था। दस राज्यों के म.बा.वि. मंत्रियों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सभी मुख्य सचिवों/सचिवों/म.वि.वि. मंत्रालयों/विभागों के अन्य अधिकारियों ने कॉन्फ्रैंस में भाग लिया। तीन अभियानों नामत: मिशन पोषण 2.0, मिशन शक्ति और मिशन वात्सल्य और वैश्विक सूचकों का प्रस्तुतीकरण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। इसके अलावा, सम्मेलन में बालकों और महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर भी प्रस्तुतीकरण एनसीपीसीआर और एनसीडब्ल्यू के अध्यक्षों द्वारा लिया गया। मंत्रालय की सभी जारी स्कीमों के प्रगति की भी समीक्षा की गई। सितम्बर माह में राष्ट्रीय पोषण माह के लिए तैयारियों पर भी चर्चा की गई। प्रस्तुतियों के बाद फीडबैक सत्र रखे गए जहां राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से सुझाव/विचार प्राप्त हुए।

### 4. राष्ट्रीय पोषण माह के उत्सव के लिए तैयारियां

चौथा राष्ट्रीय पोषण माह देशभर में सितम्बर, 2021 में मनाया जाएगा। चौथा राष्ट्रीय पोषण माह प्रत्येक सप्ताह के लिए एक विषयवस्तु अर्थात चार विषयवस्तुओं पर मनाया जाएगा। ये विषय है - पोषण वाटिका का प्लान्टेशन, पोषण के लिए योगा, आंगनवाड़ी के लाभार्थियों के लिए पोषण किटों का वितरण और एसएएम बच्चों की पहचान और पोषणीय भोजन का वितरण। पोषण माह के

दौरान की जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत सूची को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ पहले ही शेयर किया जा चुका है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विशिष्ट कार्यक्रम निर्मित करने का सुझाव भी दिया जा चुका है। पूर्ण सहभागिता और सभी हितधारकों का सक्रिय सहयोग पाने के लिए माननीय मंत्री, म.बा.वि. द्वारा अ.शा. पत्र चौथे राष्ट्रीय पोषण माह में सक्रिय सहयोग के लिए संसद के सदस्यों, मुख्यमंत्रियों, उप-राज्यपाल, विधानसभा सदस्यों, जिला पंचायत अध्यक्षों और महापौरों को जारी किए गए। सचिव, म.बा.वि.मं. के द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सभी मुख्य सचिवों/प्रशासकों को भी अ.शा. पत्र जारी किए गए (i) महिला और बाल विकास मंत्रालय, आयुष मंत्रालय एवं इलैक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, (ii) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय, (iii) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय और युवा मामलों और खेलों के मंत्रालय, (iv) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिवों द्वारा संयुक्त अ.शा. पत्र अभिसरण मोड में राष्ट्रीय पोषण माह को मनाने के लिए जारी किए गए।

## 5. बालकों की स्कीम के लिए पीएम-केयर्स की समीक्षा और प्रगति

म.बा.वि. मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ 10.8.2021 को एक वेब मीटिंग रखी गई जिसमें बाल स्कीम के लिए पीएम-केयर्स की प्रगति, राष्ट्रगान को अपलोड करने और केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों के लिए एसएनए खातों को खोलने की समीक्षा की गई।

## 6. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई)

अगस्त, 2021 माह के दौरान 5.09 लाख लाभार्थी नामांकित किए गए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना - कॉमन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (पीएमएमवीवाई-सीएएस) पोर्टल पर करीब 13.42 लाख आवेदनों को प्रविष्ठ किया गया। 170.45 करोड़ से अधिक के मातृत्व लाभों को संवितरित किया गया।

स्कीम के तहत 01.09.2021 तक करीब 2.38 करोड़ लाभार्थी नामांकित किए गए, करीब 2.06 करोड़ लाभार्थियों को मातृत्व लाभ दिए गए; पीएमएमवीवाई-सीएएस पर लगभग 6.32 करोड़ आवेदन प्रविष्ठ किए गए; लगभग 5.52 करोड़ आवेदनों को भुगतान किया गया और 9021.27 करोड़ से अधिक के मातृत्व लाभ संवितरित किए गए।

*****